(3894)

भारतीय गैर न्यायिक

10000 रु. Rs.10000

दस हजार रुपये — RUPEES TEN THOUSAND

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

स्थान RAJASTHAN

0 ) 1987 स्टाम्प क्रेता प्रार्थी ...... कमलेश उपाध्याय
क्रम संख्या ...... 2531
रसीद संख्या ...... 7013
दिनांक ...... 18-6-26

उप पंजीयक अजमेर प्रथम





॥ श्री ॥

**विक्रयपत्र अंके 2,00,000/- रूपये अक्षरे दो लाख रूपया मात्र**

मैं कि अजय सोनी, आयु लगभग 41 वर्ष, सुपुत्र श्री विश्वनाथ जी, जाति पंजाबी सोनी, निवासी म.नं. 928, आदर्श नगर, अजमेर का हूँ :-

जो कि नीचे लिखी खाता खसरा नम्बरी जैल आराजी मय उसमें निर्मित पोल्ट्रीफार्म जिसका विवरण नीचे दिया जा रहा है, जो **वाकें ग्राम दांता, तहसील व जिला अजमेर** में स्थित हैं। यह निम्न वर्णित खाता खसरा नम्बरी जैल आराजी मेरी खरीदशुदा आराजी है जिसको मैंने सुमेरसिंह वल्द सूरजभान सिंह से खरीद की थी जो बाद खरीद राजस्व रिकार्ड में नामा. संख्या 527 दिनांक 14.12.89 के द्वारा मुझ मुकिर के नाम पर अंकन दर्ज स्वीकार हो चुकी है और मौके पर निम्न वर्णित आराजी का कब्जा व काश्ता मैंने सम्भाल लिया था और उसके पश्चात मैंने अपनी निजी राशि से निम्न वर्णित आराजी में निम्न वर्णित पोल्ट्रीफार्म का निर्माण करवाया। इस प्रकार निम्न वर्णित आराजी मय निर्मित पोल्ट्रीफार्म का मैं मुकिर ही एकमात्र काश्तकार व खातेदार मालिक व स्वामी हूँ कि जिस पर कब्जा व काश्त एव दखल मालिकाना भी मेरा ही चला आ रहा हैं कि जिसमे किसी अन्य का कोई साझा व हिस्सा नही हैं और निम्न वर्णित आराजी ........... 2


(left margin: 01-12-06 ... शर्मा, पत्र लेखक, कार्यालय, (R) 2602111, 29187; stamp: ... नकल लिपिक ... कार्यालय ... से मिलान किया सही पाया।)


सत्य प्रतिलिपि
उप पंजीयक अजमेर प्रथम

Reeta
PRINCIPAL
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER

प्रमाणित प्रतिलिपि
उप पंजीयक अजमेर प्रथम

Sub Registrar Ajmer-I * उप पंजीयक अजमेर-प्रथम *





PRINCIPAL
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

RAJASTHAN A 168629



भीलवाड़ा, अजमेर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लोहरवाडा में रहन रखी हुई थी जो मैंने बैंक का सम्पूर्ण ऋण चूकता कर निम्न वर्णित आराजी को रहन मुक्त करवा लिया है और बैंक से एन.ओ.सी. प्राप्त कर ली है। और ना ही निम्न वर्णित खाता खसरा नंम्बरी जैल आराजी आज पहले मेरी ओर से व वारिसान मेरे की ओर से कही अन्यत्र रहन, बय, हिबा, बख्शीश, मुन्तकिल-गिरॉम्बार आदि की हुई है और ना ही किसी मुकदमे, इब्तदाई, इजराय, डिग्री, कुर्क, निलाम आदि में ही सम्मिलित हैं और ना ही किसी बैंक, कम्पनी, फर्म, सरकारी अथवा अर्द्ध सरकारी संस्था का ही कोई ऋण व भार ही बकाया है सारांश कि निम्न वर्णित आराजी आज पहले हर प्रकार के भार व बोझो से बिलकुल पाक व साफ एवं सुरक्षित हैं जिसे हर प्रकार से अन्तरण आदि करने के समस्त हक व अधिकार मुझ मुकिर को ही हासिल है।

लिहाजा अभी मुझ मुकिर को इस समय निम्न वर्णित आराजी व उसमें निर्मित पोल्ट्री फार्म का कोई उपयोग व उपभोग भी नही हो रहा है और इस समय निम्न वर्णित आराजी मय पोल्ट्रीफार्म की कीमत भी उचित व वाजिब मिल रही हैं अत: आज दिवस को निम्न वर्णित खाता खसरा नम्बरी जैल आराजी को मय पोल्ट्रीफार्म, नींव, सींव, दरखतान मय आमद रफ्त रास्ते जात पैदल व गाड़ी के सहित मय अड़त, पड़त, गुड़त, पाल, डोल, लूंग, पापड़ी सहित मुताल्किा तमामी हक हकूको सहित बिल एवंज तादादी मुबलिग 2,00,000/- रूपया अक्षरे दो लाख रूपया कि जिसके आधे मुबलिग 1,00,000/- रूपया सिक्के भारत सरकार के मजकूर होते है मैं बहक व बदस्त **"कॉम्पिटिशन प्लस संस्थान ( रजि. ) 51/1509 वेद विहार, लोहाखान, अजमेर द्वारा निदेशक श्रीमती पुष्पा शर्मा"** को कतई विक्रय व फरोक्त कर दी है तथा कब्जा व काश्त एवं ............... 3

मूल कार्यालय प्रति से मिलान किया सही पाया। ह. नकल लिपिक

सत्य प्रतिलिपि
उप पंजीयक अजमेर प्रथम

Reeta
**PRINCIPAL**
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER

प्रमाणित प्रतिलिपि
उप पंजीयक अजमेर प्रथम

उप पंजीयक अजमेर प्रथम Sub Registrar Ajmer

आज दिनांक 1 माह **December** सन् **2006** को **16:42** बजे
श्री / श्रीमती / सुश्री **AJAY SONI** पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री **VISHAWANATH SONI**
उम्र **41** वर्ष, जाति **PUNJABI SONI** व्यवसाय **BUSI.**
निवासी **ADARSH NAGAR, AJMER**
ने मेरे सम्मुख दस्तावेज पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया।

हस्ताक्षर प्रस्तुतकर्ता हस्ताक्षर उप पंजीयक, **AJMER -I**
(2006011528)
**(SALE DEED (CONVEYANCE DEED))**

रसीद नं0 **2006012141** दिनांक **01/12/2006**
पंजीयन शुल्क रू0 7250/-
प्रतिलिपि शुल्क रू0 200/-
पृष्ठांकन शुल्क रू0 0/-
अन्य शुल्क रू0 0/-
कमी स्टाम्प शुल्क रू0 34070/-
कुल योग रू0 41520/-

(2006011528) उप पंजीयक, **AJMER -I**
**(SALE DEED (CONVEYANCE DEED))**

PRINCIPAL
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

A 168630

RAJASTHAN



दखल मालिकाना भी निम्न वर्णित विक्रयशुद्धा आराजी का बिल्कुल खाली का आज दिवस को मौके पर मेरे में से निकालकर उक्त खरीददार संस्थान के निदेशक को सम्भला दिया है।

अब आज से अधिकार निम्न वर्णित विक्रयशुद्धा आराजी पर मेरी बजाय उक्त खरीददार संस्थान का है कि वो निम्न वर्णित विक्रयशुद्धा आराजी को है जिस सूरत में ही रहने देवे या हस्ब मन्शा अपनी इसमें स्वयं काश्त करें या किसी अन्य को बांटें, सांटें अथवा ठेके पर देवें और हक हकूक बाहजोत मालिकाना चाहे जिसे रहन, बय, हिबा, बख्शीश, मुन्तकिल- गिराम्बार आदि करे गर्ज कि बहैसियत मालिक के जो उक्त खरीददार संस्थान के निदेशक के मर्जी मे आवे सो ही करे अब आज से निम्न वर्णित विक्रयशुदा आराजी से मेरा व वारिसान मेरे का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहा हैं और ना ही आयन्दा भविष्य में कभी होगा।

मैं मुकिर उक्त खरीददार संस्थान को यह भी विश्वास व भरोसा दिलाता हूँ कि भविष्य में निम्न वर्णित विक्रयशुदा खाता खसरा नम्बरी जैल आराजी की बाबत कोई दीगर सख्श दावेदार, हकदार, हिस्सेदार, उज्रदार इत्यादि किसी किस्म का पैदा होकर हक अपना किसी प्रकार का साबित करेगा और उससे उक्त खरीददार संस्थान के कब्जे, काश्त, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य में से निम्न वर्णित विक्रयशुदा खाता खसरा नम्बरी जैल आराजी पूरी या इसका कोई भाग निकल जावेगा तो उसकी समस्त जुम्मेवारी व जवाबदेही मय हर्जे व खर्चे व मय आयन्दा लगाई लागत तामीर, तरक्की आदि की मेरी व वारिसान मेरे की होगी व रहेगी जिसे उक्त खरीददार संस्थान जिस तरह चाहे मेरी व वारिसान मेरे की चल व अचल सम्पतियो से वसूल कर लेवे।

.............. 4

उप पंजीयक अजमेर—प्रथम * Sub Registrar Ajmer-I

कार्यालय प्रति से मिलान किया सही पाया।

ह. नकल लिपिक

उप पंजीयक अजमेर प्रथम

PRINCIPAL
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER

प्रमाणित प्रतिलिपि

उप पंजीयक अजमेर प्रथम

हस्ताक्षर फोटो अंगूठा

उक्त श्री/श्रीमती/सुश्री ( Executant )
1-AJAY SONI/VISHAWANATH SONI
Age:41, Caste-PUNJABI SONI
Ocu.-BUSI.
R/O-ADARSH NAGAR, AJMER



( And Claimant )
1-PUSHPA SHARMA/D.C. SHARMA
Age:48, Caste-BRAHMAN
Ocu.-SERVICE
R/O-THR. DIRECTORY BY COMP. PLUS SANSTHAN
AJMER



ने लेख्यपत्र SALE DEED (CONVEYANCE DEED)
को पढ़ सुन व समझकर निष्पादन करना स्वीकार किया।
प्रतिफल राशी रू0 200000/– पूर्व में/मेरे
समक्ष/मे सें रू0 200000/–पूर्व में ———————
यमेरे समक्ष प्राप्त करना स्वीकार किया।

उक्त निष्पादन कर्ता की पहचान
1. श्री/श्रीमती/सुश्री NISHKAM SHARMA
पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री D.C. SHARMA उम्र 23 वर्ष
जाति BRAHMAN व्यवसाय STUDY
निवासी LOHAKHAN AJMER

2. श्री/श्रीमती/सुश्री AMIT VERMA
पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री MAHESH KUMAR JI उम्र 30 वर्ष
जाति SEN व्यवसाय SERVICE
निवासी VIGYAN NAGAR, AJMER ने की है जिनके

समस्त हस्ताक्षर एंव अगूंठा के निशान मेरे समक्ष लिये गयें हैं।

(2006011528) उप पंजीयक, AJMER -I
(SALE DEED (CONVEYANCE DEED))

Reeta
PRINCIPAL
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

RAJASTHAN A 168631

(4)

जर्रे सम्मन बयनामा हाजा मुबलिग 2,00,000/- रूपया अक्षरे दो लाख रूपया चुकता मैंने उक्त खरीददार संस्थान के निदेशक से नकद प्राप्त कर लिया है। इस प्रकार उपरोक्तानुसार मैंने निम्न वर्णित विक्रयशुद्धा खाता खसरा नम्बरी आराजी की चुकती विक्रय मूल्य राशि उक्त खरीददार संस्थान से प्राप्त कर ली है अब उक्त खरीददार संस्थान से निम्न वर्णित विक्रयशुदा खाता खसरा नम्बरी जैल आराजी की विक्रय मुल्य राशि बाबत कुछ भी लेना बाकी व शेष नही रहा है जिसकी प्राप्ति व वसूली हेतु यही तहरीर विक्रयपत्र काफी व पर्याप्त हैं अल्हदा रसीद लिखने की कोई आवश्यकता नही हैं।

मैं मुकिर इस विक्रयपत्र की बाजाप्ता रजिस्ट्री बैनामा श्रीमान् उप पंजीयक महोदय जी, अजमेर के कार्यालय में तस्दीक करवा रहा हूँ और विक्रयपत्र का समस्त खर्चा उक्त खरीददार संस्थान ने वहन किया हैं और विक्रयपत्र पंजीबद्ध हो जाने के बाद में उक्त खरीददार संस्थान निम्न वर्णित विक्रयशुद्धा खाता खसरा नम्बरी जैल आराजी को राजस्व रिकार्ड में अपने नाम पर बदली करवा लेवे और निम्न वर्णित विक्रयशुद्धा खाता खसरा नम्बरी जैल आराजी पर आज दिवस तक का कोई कर, लगान व बिजली के बिल आदि बकाया होगा वो मैं मुकिर व वारिसान मेरे अदा करेगें और आज के बाद का समस्त उक्त खरीददार संस्थान अदा करेंगे।

निम्न वर्णित विक्रयशुदा आराजी से सम्बन्धित जो भी असल दस्तावेजात मेरे पास मौजूद हैं वो सभी आज दिन उक्त खरीददार संस्थान के सुपुर्द कर दिये है।

मूल कार्यालय प्रति से मिलान किया सही पाया।
ह. नकल लिपिक

पृष्ठ क्र. 5

उप पंजीयक अजमेर प्रथम
Sub Registrar Ajmer-I

PRINCIPAL
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER

प्रमाणित प्रतिलिपि
उप पंजीयक अजमेर प्रथम

13000

10000x1

1000x3

=1300

उप पंजीयक अजमेर-I * Sub Registrar Ajmer-I

Reeta

**PRINCIPAL**
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER

## विक्रयशुदा आराजी का विवरण निम्न प्रकार है :-

| वाकै मौजा | खाता सं. | खसरा नं. | रकबा | मे से बय | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम दांता | नया पुराना | | बी.बी.बी | | |
| तह. व | 290 290 | 679 | 02-00-10 | पूरा | बा.-2 |
| जि. अजमेर | | 680 | 01-01-10 | पूरा | बा.-2 |
| | कुल किता | 2 | 03-02-00 | सम्पूर्ण | |

उक्त दो किता खसरा नम्बरी आराजी का कुल रकबा 03-02-00 ( तीन बीघा दो बीस्वा ) आराजी मय उसमें निर्मित पोल्ट्री फार्म जिसमें एक पट्टी-पोश कमरा, एक लैट्रिन व एक जी.आई. शेड़ कमरा व एक जी.आई.शेड़ हॉल व एक जीना निर्मित व विद्युत कनेक्शन है को कतई विक्रय व फरोक्त कर दिया गया है।

## पंजीयन सम्बन्धी जानकारी निम्न प्रकार हैं :-

1. विक्रयशुदा आराजी का कुल रकबा 3 बीघा 2 बीस्वा है।
2. विक्रयशुदा आराजी बारानी है।
3. विक्रयशुदा आराजी एक फसली एवं असिंचित है।
4. विक्रयशुदा आराजी मुख्य सड़क से 1 कि.मी. दूर स्थित है।
5. विक्रयशुदा आराजी गांव की आबादी से 1 कि.मी. दूर स्थित है।
6. विक्रयशुदा आराजी गांव की सड़क पर स्थित नहीं है।
7. विक्रयशुद्धा आराजी में निर्मित पट्टी-पोश का क्षेत्रफल 222.80 वर्ग फुट व टीन शेड़ निर्मित क्षेत्रफल 4360.0 वर्ग फुट अर्थात् 405.58 वर्ग मीटर है।
8. विक्रयशुद्धा आराजी में पोल्ट्री फार्म का निर्माण वर्ष 1991 का है।

लिहाजा यह विक्रयपत्र आज दिवस को हमने अपनी राजी खुशी, होश-हवाश में बिना किसी नशे पत्ते के व बिना किसी धोका- फरेब के व बिना किसी दहशत दबात के व बिना किसी बहकावट के स्वस्थ प्रसन्नचित शारीरिक मानसिक सही अवस्था में बुद्धि अपनी-अपनी से तहरीर कर दिया है जो कि सही हैं और सनद रहे तथा वक्त जरूरत पर काम में आवे । **टाईपकर्त्ता सुरेश शर्मा, नीति-पत्र लेखक, अजमेर।** आज दिनांक 1.12.2006 ई. इति।

मूल कार्यालय प्रति से मिलान किया सही पाया।

1.हस्ताक्षर ..................................... 1. हस्ताक्षर .....................................

( विक्रेता ) ( क्रेता )

1. साक्षी ..................................... 2. साक्षी .....................................

सत्य प्रतिलिपि

उप पंजीयक अजमेर प्रथम

PRINCIPAL
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER

उप पंजीयक अजमेर-प्रथम Sub Registrar Ajmer-I

प्रमाणित प्रतिलिपि

उप पंजीयक अजमेर प्रथम

धारा 54 के तहत प्रमाण–पत्र
प्रमाणित किया जाता है कि इस विकय पत्र
की मालियत रूपये 724147
मानते हुए इस पर देय कमी मुद्रांक
राशि 34070 पर कमी पंजीयन शुल्क
रूपये 7250 कुल रूपये 41520
जरिये रसीद संख्या 2006012141 दिनांक **01/12/2006**
में जमा किये गये है।
अतः दस्तावेज को रूपये 47070
के मुद्रांकों पर निष्पादित माना जाता है।

(2006011528) उप पंजीयक, **AJMER -I**
**(SALE DEED (CONVEYANCE DEED))**

आज दिनांक **01/12/2006** को
पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1613
में पृष्ठ संख्या 108 क्रम संख्या 2006003894 पर
पंजिबद्व किया गया तथा अतिरिक्त
पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3445
के पृष्ठ संख्या 53 से 60 पर
चस्पा किया गया।

मूल कार्यालय प्रति से मिलान किया सही पाया।
ह. नकल लिपिक

(2006011528) उप पंजीयक, **AJMER -I**
**(SALE DEED (CONVEYANCE DEED))**

प्रमाणित प्रतिलिपि
उप पंजीयक अजमेर प्रथम

**PRINCIPAL**
Hukumchand Noble
Institute of Science & Technology
Danta, Beer Circle
Nasirabad Road, AJMER